| हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज<br>जगमालसिंह बनाम सरकार. | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 9-11-20 | वकील प्रार्थी उप०। प्रार्थना पत्र पेश हुआ। शामिल मिसल हो। मिसल वास्ते बहस प्रा० पत्र 11-11-20 को पेश हो। | |
| 11-11-20 | वकील प्रार्थी उप०। वकील प्रार्थी की बहस सुनी गई। मिसल वास्ते आदेश 12-11-20 को पेश हो। | |
| 12-11-20 | वकील प्रार्थी उप०। प्रार्थी प्रा० पत्र स्वीकार किया जाता है। विस्तृत निर्णय पृथक से लिखा जाकर शामिल पत्रावली है। पत्रावली नतीजा दर्ज होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। | |

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी किशनगढबास (अलवर)राज0

**अध्यासित द्वारा:— श्री मुकुट सिह चौधरी (आर.ए.एस.)**

| प्रार्थना पत्र संख्या | प्रवेश तिथि | निर्णय तिथि |
|---|---|---|
| 16 | 27.10.2020 | 12.11.2020 |

**उनवान**

1. जगमाल सिह पुत्र कन्हीराम जाति अहीर निवासी बोलनी तहसील किशनगढबास जिला अलवर राज0

:— **प्रार्थी**

**बनाम**

1. राज. सरकार जरिये तहसीलदार लैण्ड होल्डर किशगनढबास तहसील किशनगढबास जिला अलवर

:— **अप्रार्थी**

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान लैण्ड रेवेन्यू एक्ट

.........................

उपस्थितिः—

1. श्री सुभाष मेहरा वकील प्रार्थी की और से।
2. अप्रार्थी की और से पैरोकार सरकार

**—: निर्णयः—**

पत्रावली पेश हुई । वकील प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का सुक्ष्म वृतान्त निम्न प्रकार से हैः—

आराजी खसरा नम्बर हाल 345 / 1277 रकबा 0.1850, 379 / 0.76 हे. का 1 / 15 भाग, 378 रकबा 1.25 हे. का 29 / 297, 380 रकबा 0.52 हे. का 10 / 123 भाग, 1258 / 385 रकबा 1.62हे. का 1 / 3 भाग, 381 रकबा 0.39 हे. का 1 / 3 भाग, 384 रकबा 0.05 हे. का 1 / 6 भाग वाके ग्राम बोलनी तहसील किशनगढबास मिन प्रार्थी की कब्जे काश्त खातेदारी की आराजी है विवादित आराजी खसरा नम्बर 345 / 1277 रकबा 0.1859 मे मिन प्रार्थी व मिन प्रार्थी के पिता का जगमाल पुत्र कन्हीराम दर्ज है तथा आराजी खसरा नम्बर 379 रकबा 0.7600 हे. का 1 / 15 भाग मे मिन प्रार्थी का नाम जगमाल पुत्र कान्हीराम दर्ज है तथा खसरा नम्बर 378 रकबा 1.25 हे. का 29 / 297 भाग मे जगमाल पुत्र कान्हीराम , खसरा नम्बर 1258 / 385 रकबा 1.62 हे. का 1 / 3भाग मे मिन प्रार्थी का नाम जगमाल पुत्र कान्हारामं , 381 रकबा 0.05 हे. के 1 / 6 भाग मे मिन प्रार्थी का नाम जगमाल पुत्र कान्हाराम दर्ज है ।

विवादित आराजी मिन प्रार्थी की कब्जे काश्त खातेदारी की आराजी है जिस पर मिन प्रार्थी शान्तिपूर्वक काबिज होकर काश्त करता चला आ रहा है मोके पर मिन प्रार्थी का वास्तिविक कब्जा चला आ रहा है लेकिन राजस्व रिकार्ड मे मिन प्रार्थी व पिता का नाम कही पर जगमाल सिह पुत्र कान्हाराम दर्ज है जिससे मन प्रार्थी को काफी परेशानीयो का सामना करना पडता है। मिन प्रार्थी के पिता का वास्तिविक स सही नाम जगमाल पुत्र कन्हीराम है जो मिन प्रार्थी के आधार कार्ड , पहचान पत्र राशनकार्ड इत्यादी मे दर्ज है।

अधिकारी सत्यमेव जयते किशनगढ–बास (अलवर)

उप जिला कलैक्टर
...बास (अलवर)

अतः प्रार्थना है कि प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार किशनगढबास को आदेशित किया जावे कि आराजी खसरा नम्बर हाल 345/1277 रकबा 0.1850, 379/0.76 हे. का 1/15 भाग, 378 रकबा 1.25 हे. का 29/297, 380 रकबा 0.52 हे. का 10/123 भाग, 1258/385 रकबा 1.62हे. का 1/3 भाग, 381 रकबा 0.39 हे. का 1/3 भाग, 384 रकबा 0.05 हे. का 1/6 भाग वाके ग्राम बोलनी तहसील किशनगढबास के राजस्व रिकार्ड मे जो अंकन जगमाल पुत्र कान्हीराम, जगमाल सिह पुत्र कान्हाराम, जगमाल पुत्र कान्हाराम, जगमाल पुत्र कन्ही का हो रहा है जिसे दुरूस्त किया जाकर समस्त खसरा नम्बरान मे मिन प्रार्थी का नाम जगमालसिह पुत्र कन्हीराम जाति अहीर निवासी बोलनी तहसील किशनगढबास दर्ज किये जाने की आज्ञा सादिर प्रदान की जावे।

प्रार्थना पत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को जर्ये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी पेरोकार जबाब दावा पेश किया। जो शामिल पत्रावली किया गया।

हमने वकील प्रार्थी की बहस सुनी गई । वकील प्रार्थी ने अपनी बहस मे प्रार्थना पत्र मे वर्णित तथ्यो को दोहराते हुए प्रार्थी प्रार्थना पत्र को स्वीकार किये जाने की इश्तदुआ की।

हमने वकील प्रार्थी की बहस का मनन किया तथा पत्रावली का अध्योपान्त अवलोकन किया। वाके ग्राम बोलनी तहसील किशनगढबास के विभिन्न उक्त खसरा नम्बरान मे प्रार्थी के पिता का नाम कान्हा राम, कान्हीराम, कन्ही दर्ज हो रहा है जबकी प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र के साथ सलग्न छाया प्रति राशन कार्ड मे जगमाल सिह पुत्र कन्हीराम, आधार कार्ड सख्या 8122 1280 4303 मे जगमालसिह पुत्र कन्हीराम , भारत निर्वाचन आयोग पहचान पत्र सख्या आर.जे./08/061/144526 मे जगमालसिह पुत्र कन्हीराम एवं आयकर प्रमाण पत्र सख्या आईएफडब्ल्यूपीएस5901बी मे जगमालसिह पुत्र कन्हीराम दर्ज है जबकी ग्राम बोलनी तहसील किशनगढबास के के राजस्व रिकार्ड मे प्रार्थी के पिता के नाम भिन्नता कान्हाराम , कन्ही, कन्हीराम दर्ज राजस्व रिकार्ड है जो गलत है प्रार्थी के हकूको के खिलाफ है प्रार्थी का नाम राजस्व रिकार्ड मे जगमाल सिह पुत्र कन्हीराम दर्ज किया जाना उचित एवं न्यायसंगत समझते है प्रार्थी प्रार्थना पत्र काबिले स्वीकार है ।

**अतः आदेश है:-**

प्रार्थी प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार किशनगढबास को आदेशित किया जाता है कि आराजी खसरा नम्बर हाल 345/1277 रकबा 0.1850, 379/0.76 हे. का 1/15 भाग, 378 रकबा 1.25 हे. का 29/297, 380 रकबा 0.52 हे. का 10/123 भाग, 1258/385 रकबा 1.62हे. का 1/3 भाग, 381 रकबा 0.39 हे. का 1/3 भाग, 384 रकबा 0.05 हे. का 1/6 भाग वाके ग्राम बोलनी तहसील किशनगढबास मे जहा जगमाल पुत्र कन्हीराम, जगमाल पुत्र कान्हीराम, जगमालसिह पुत्र कान्हाराम, जगमाल पुत्र कन्ही दर्ज हो रहा है उसे कलमजन किया जाकर उसके स्थान पर जगमाल सिह पुत्र कन्हीराम दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है तदनुसार ही राजस्व रिकार्ड मे अमल हो। निर्णय की प्रति तहसीलदार किशनगढबास को पालनार्थ भिजवाई जावे। पत्रावली फैसल सुमार होकर बाद तकमिल दाखिल लेख भण्डार हो ।

(मुकुल सिंह चौधरी)
उप जिला कलेक्टर
उपखण्ड अधिकारी
किशनगढ-बास (अलवर)
किशनगढबास (अलवर)

उपखण्ड अधिकारी
सत्यमेव जयते
किशनगढ-बास